बरेली, शुक्रवार
28 फरवरी, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4=20

दैनिक जागरण

inext

PAGE NO: 05 BOTTOM

# एसआरएमएस और ठेकेदार इलेवन में होगा मुकाबला




● विनर्स को ट्रॉफी देकर किया सम्मानित.

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (27 Feb):** श्रीराममूर्ति मेमोरियल टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट पांचवें सीजन के नौवें दिन गुरुवार को हुए सेमीफाइनल में ठेकेदार इलेवन ने आइके कलेक्शन बरेली को 42 रन से और दूसरे सेमीफाइनल में एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी ने आइके कलेक्शन एसजी कैंट बरेली को 30 रन से हराकर फाइनल में जगह बनाया. पहले सेमीफाइनल में आइके कलेक्शन के तीन विकेट लेने वाले ठेकेदार इलेवन के गेंदबाज विशाल सिंह चौधरी और दूसरे सेमीफाइनल में 21 गेंदों पर 54 रन बनाने वाले एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी के अभिषेक को मैन आफ द मैच का पुरस्कार दिया गया. टूर्नामेंट का फाइनल मैच पहली मार्च को खेला जाएगा. विजेता टीम को एक लाख रुपये और उपविजेता को 51 हजार का पुरस्कार दिया जाएगा. मैन आफ द सीरीज रहने वाले खिलाड़ी को 5100 रुपये और फाइनल में मैन आफ द मैच बनने वाले खिलाड़ी को 1100 रुपये का इनाम दिया जाएगा.

## दिया जाएगा इनाम

श्रीराम मूर्ति क्रिकेट स्टेडियम में ठेकेदार इलेवन के कप्तान एके पाल ने टास जीत कर बल्लेबाजी का फैसला किया और 18 ओवर में 163 रन बनाए. आइके कलेक्शन के शिव राठी ने चार और सिद्धार्थ गुप्ता ने तीन विकेट लिया. जवाब में आइके कलेक्शन की पूरी टीम 17.5 ओवर में 121 रन बना कर पैवेलियन लौट गई.